तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 स्वच्छता के लिए श्रमदान महाभियान का आगाज



11 सेवा सेतु शिविर में 52 प्रकरणों का निराकरण



खबर संक्षेप

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

बालोद/निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के निकुम रेस्ट हाउस के पास बीते 29 सितंबर की शाम सड़क हादसे में घायल हुए 26 वर्षीय युवक नरेंद्र धनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। अंडा पुलिस के अनुसार नरेंद्र धनकर बाइक से अपने घर निकुम लौट रहे थें, इसी दौरान रेस्ट हाउस निकुम के पास सड़क किनारे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद घायल नरेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य अस्पताल भिलाई रेफर किया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बीती रात में दम तोड़ दिया। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम दुर्ग में कराया गया। वहीं अंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की बैठक कल

बालोद/सिकोसा। न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की आवश्यक बैठक 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य उपस्थित होंगे। समिति के सचिव चुरामन चंद्राकर ने बताया बैठक में आगामी क्वांर नवरात्रि पर्व 2026 की तैयारियों को लेकर विचार–विमर्श किया जाएगा, इसके अलावा अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार–विमर्श के अनुसार अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी ट्रस्ट अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में नमन दिखाएगा दम

दल्लीराजहरा। पूर्व माध्यमिक शाला चिखली का छात्र नमन



कुमार का चयन शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। नमन अंडर-14 फुटबॉल वर्ग में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं कोच चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि नमन पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार उनके मार्गदर्शन में फुटबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। सीमित संसाधनों के बीच नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ नमन ने अपनी खेल प्रतिभा को लगातार निखारा और इसी मेहनत का परिणाम है कि उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला है।

जनरल स्टोर में चोरी, शटर तोड़कर 70 हजार पार

भिलाई। बीती रात सेक्टर 6 ई मार्केट स्थित सिराज किराना जनरल स्टोर में अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर नकदी पार कर दिए। दुकान के संचालक सिराज ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना सेक्टर 6 में दर्ज कराई है।

105 विकास कार्यों के लिए 2.28 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सेवा सेतु अभियानः ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेब-नवागांव में आयोजित विकासखंड स्तरीय विशेष शिविर में ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को गति मिली।

शिविर में ग्रामीण विकास एवं अधोसंरचना से संबंधित 105 कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 28 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में विकासखंड की 40 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अमले ने सहभागिता की। ग्राम पंचायतों की स्थानीय आवश्यकताओं और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर कार्यवाही करते हुए आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत 105 कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक अधोसंरचना के विकास के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने तथा ग्राम पंचायतों में विकास गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वहीं ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों और मांगों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई।



अधिकारियों ने सुनी समस्याएं, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवनाथ बघेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडीलोहारा नारायण बंजारा पूरे शिविर के दौरान उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सेवा सेतु अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ अंतिम पंक्ति के ग्रामीणों तक पहुंचाने तथा ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

राजनीति : भाजयुमो नेता व मंडल अध्यक्ष आमने-सामने

जिले में बीजेपी की गुटबाजी खुलकर आई सामने, कोटगांव पंचायत में घमासान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में भाजपाइयों की गुटबाजी अब खुलकर सामने आ गई है। भाजपा सदस्य ही पार्टी के पदाधिकारियों के खिलाफ खुलकर सामने लगे हैं। संगठन कार्यकर्ताओं के बीच आपसी विवादों को दूर करने के स्थान पर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ताजा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटगांव के सरपंच देवेश्वरी के खिलाफ पंचों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ा है,जो भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री देवेन्द्र साहू की पत्नी देवेश्वरी साहू सरपंच है। देवेश्वरी साहू के खिलाफ भाजपा के ही कार्यकर्ता उपसरपंच द्रोण देशमुख के नेतृत्व में पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। यह अविश्वास प्रस्ताव 9 के मुकाबले 3 मत से पारित हो गया। इस घटनाक्रम में भाजपा मण्डल अर्जुन्दा अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता ने खुलकर उपसरपंच व पंचों का समर्थन करते हुए सार्वजनिक रूप से



सामने आते हुए पंचों को आश्रय दिये एवं सरपंच के खिलाफ उन्हें प्रोत्साहित किया। देवेन्द्र साहू ने आरोप लगाया गया कि मण्डल अध्यक्ष जीतू गुप्ता से जब मामले में जानकारी देकर विवाद खत्म करने का आग्रह किया गया तो उन्होंने विवाद खत्म कराने के स्थान पर विवाद को बल देते हुए उपसरपंच व पंचों का समर्थन किया। पखवाड़ेभर के भीतर ही भाजपा नेता की पार्टी के अन्य नेता के खिलाफ खुलकर सार्वजनिक रूप से विरोध करने का यह दूसरा मामला है। कोटगांव मामले के पहले नगर पालिका दल्लीराजहरा में भी ऐसा ही दृष्य सामने आया था, जहां भाजपा समर्थित नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा समर्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष ने भाजपा पार्षदों के साथ अध्यक्ष के घर के सामने आधी रात धरना प्रदर्शन किया था। जिले में भाजपा की गुटबाजी जगजाहिर है। गुटबाजी को ही जिले के तीनों विधानसभाओं में लगातार भाजपा की हार का बड़ा कारण माना जाता है। लगातार असफलताओं के बाद भी गुटबाजी व आंतरिक कलह कम होने के स्थान पर बढ़ता जा रहा है, जो अब खुलकर सड़क पर आ गई है। भाजयुमो जिला मंत्री देवेन्द्र साहू ने कहा भाजपा मण्डल अर्जुन्दा अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता ने मेरे खिलाफ खुलकर कार्य किया एवं मेरी सरपंच पत्नी के खिलाफ भाजपा के दूसरे वर्ग को प्रोत्साहित किया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता ने कहा मैं वहां दूर खड़ा हुआ था, भीड़ में जब एक महिला पंच के हाथ बाल पकड़कर कुछ लोग खींचने लगे, दौड़कर वहां गया एवं पंचों को सुरक्षित अंदर जाने में सहयोग किया।

सोना चोरी और फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाला एजेंट गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सनौद थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने एक ओर जहां लाखों रुपए के सोने के आभूषण चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ा है, वहीं दूसरी ओर ग्राहकों के फिंगरप्रिंट और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट करने वाले टेलीकॉम एजेंट को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

- दो अलग-अलग घटनाओं को दिया था अंजाम

ग्राम अरकार थाना सनौद निवासी प्रार्थिया ज्योति साहू ने 9 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर सोने का गुलबंद, झुमका और टाप्स कुल वजन 28 ग्राम चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और पतारसी के आधार पर पुलिस ने भिलाई के शारदा पारा वैकुंठ धाम कैंप 2 में दबिश देकर आरोपी रामअवतार सिंह 37 वर्ष, निवासी रुस्तमगढ़ उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग सोने का गुलबंद 13 ग्राम, 1 जोड़ी सोने का झुमका 10 ग्राम, 1 जोड़ी सोने का टाप्स 5 ग्राम कुल 28 ग्राम सोने के आभूषण बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। दूसरे मामले में ग्राम भरदाखुर्द निवासी प्रार्थी जीवन लाल निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 फरवरी 2024 को उन्होंने अपना एयरटेल सिम वोडाफोन-आइडिया में ▶▶| शेष पेज 10 पर

महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने किया गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तथा विश्व अहिंसा दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा राजीव भवन बालोद में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा दोनों महान विभूतियों के प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नहीं थे, बल्कि सत्य, अहिंसा, सामाजिक न्याय, सद्भाव और मानवता के ऐसे पुजारी थे जिनके विचार आज भी पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद शहर के अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू ने कहा कि गांधी



ने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि छुआछूत, भेदभाव, गरीबी और सामाजिक असमानता के खिलाफ भी संघर्ष किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी, नैतिकता और राष्ट्रसेवा के अद्वितीय प्रतीक थे।

श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष रामजी भाई पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, प्रवक्ता यज्ञदेव पटेल, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, पार्षद सुमित शर्मा, रोहित सागर, हंसमुख टुवानी, दाऊद खान, सत्यम जैन, रविशंकर कोटेद्र, सुखसागर निषाद, शिव जायसवाल, उदय राम अलेंद्र, मनोज ठाकुर, टेमन साहू, गजेन्द्र ठाकुर, मोतीलाल चुरेंद्र, कामता प्रसाद देवांगन, जगन लाल बोधेलकर, वैभव शर्मा, किशनलाल साहू, मनोज साहू, सुनील मंडावी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कैकेयी के दो वरदान और श्रीराम के वन गमन की सुनाई गई मार्मिक कथा

अयोध्या कांड में छिपा है त्याग और समर्पण का सच्चा संदेश : आचार्य युवराज पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर अयोध्या कांड की मार्मिक कथा सुनाई गई। कथा व्यास आचार्य पं. श्री युवराज पांडेय जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनकर हजारों श्रद्धालु भावुक हो गए। महाराज जी ने कहा कि अयोध्या कांड रामायण का द्वितीय सोपान और सबसे मार्मिक अध्याय है, जहाँ त्याग, प्रेम और धर्म की परीक्षा होती है। इसकी कथा राजा दशरथ द्वारा श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी से प्रारंभ होती है। पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल है, लेकिन तभी मंथरा की कुटिलता से कैकेयी के मन में लोभ जागता है और वे राजा दशरथ से दो वरदान मांग लेती हैं - भरत को राजगद्दी और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। वचनबद्ध दशरथ विवश



कैकेयी न होती तो रामचरितमानस न बनता

महाराज जी ने कहा कि अक्सर लोग कैकेयी को दोष देते हैं, लेकिन सत्य यह है कि यदि कैकेयी का चरित्र न होता तो रामचरितमानस बनता ही नहीं। कैकेयी कोई साधारण नारी नहीं हैं। देवताओं के आग्रह पर स्वयं सरस्वती जी ने उनकी मति फेरी थी। यदि राम राजा बन जाते तो रावण वध कैसे होता और धर्म की स्थापना कैसे होती? कैकेयी ने स्वयं अपयश लेकर भगवान को भगवान बनने का मार्ग दिया।

हो जाते हैं और पिता की आज्ञा को सहर्ष स्वीकार कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान के हर चरित्र के पीछे कोई दिव्य कारण होता है। कैकेयी के त्याग के कारण ही हमें भरत जैसा भाई, लक्ष्मण जैसा सेवक और हनुमान जैसा भक्त देखने को मिला। अयोध्या कांड हमें सिखाता है कि सच्चा धर्म त्याग में है, पद में नहीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, जिला अध्यक्ष कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

झलमला में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां

झलमला में 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे 1300 ज्योतिकलशों की स्थापना के साथ होगा। हवन 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से एवं शोभायात्रा 20 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे से प्रारंभ होगी। 19 अक्टूबर को महाअष्टमी के अवसर पर दोपहर 4 बजे से मंदिर ट्रस्ट एवं कन्याभोज दानदाताओं के सौजन्य से विशाल कन्याभोज का कार्यक्रम आयोजित है। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से वृन्दावन के आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों द्वारा शत चण्डी यज्ञ तथा दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ आयोजित है। 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक



संगीतमय एवं झांकीयुक्त रामधुनि की प्रस्तुति होगी, जिसमें 15 अक्टूबर को जय बजरंग रामधुनि मंडली धामनसरा द्वारा नारी शक्ति प्रसंग पर, 16 अक्टूबर को शिवभोला रामधुनि मंडली केसाल द्वारा भस्मासुर उत्पत्ति से उद्धार तक, 17 अक्टूबर को नवीन बाल रामधुनि भजन मंडली छछानपहाडी द्वारा रानी चागुना राजा श्रयाल तथा 18 अक्टूबर को जयअंबे रामधुनि मंडली कजराबांधा के द्वारा राम वनवास और केंवट मिलन प्रसंग पर आकर्शक प्रस्तुति संपन्न हागी। प्रतिदिन संध्या 5 बजे से मातासेवा एवं जस मंडलियों द्वारा संगीतमय मातासेवा गायन का कार्यक्रम आयोजित है।

रात्रिकालिन कार्यक्रम के रूप में 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक रात्रि 9:30 से 11:30 बजे तक संगीतमय श्रीहरि कीर्तन आयोजित है जिसमें अंचल के ख्यातिलब्ध कीर्तनकार चंद्रहास साहू भेन्ड्री के मुख से प्रस्तुति दी जाएगी। 20 अक्टूबर दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर वि"ोश प्रस्तुति के रूप में झन भूलो माँ–बाप ला नाचा पार्टी मोखा के द्वारा छत्तीसढ़ी नाचा एवं गम्मत की प्रस्तुति होगी जिसमें अनपढ बेटी की बुद्धिमानी कीर्तन से कथानक प्रस्तुत किया जाएगा। प्रतिदिन संध्या 7 बजे मां भगवती गंगाजी की संध्या आरती होगी, तत्प"चात श्री गंगाधारी पशुपतिनाथ भगवान महादेव की संगीतमय आरती भी संपन्न होगी। भक्तजनों के लिए पूडी–सब्जी सेवा, भोग–प्रसाद सेवा, दालभात प्रसादी सेवा, माताजी के प्रसाद के पैकेट की सुविधा एवं निःशुल्क जूता–चप्पल स्टैण्ड की सुविधा पूर्ववत जारी रहेगी। मंदिर परिसर में स्थापित गंगाधारी श्री पशुपतिनाथ के दर्शन का वि"ोश अवसर आकर्शण का केन्द्र होगा तथा मनोकामना श्रीफल बंधन स्टैण्ड परिसर को नवीन आकर्शक स्वरूप प्रदान किया गया है, यह भी भक्तजनों के लिए वि"ोश आकर्शण का केन्द्र होगा। परिसर में सीसीटीवी कैमरो से निगरानी व्यवस्था संचालित रहेगी।

यात्री प्रतीक्षालय में भोजनालय संचालन पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के नए बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय को स्व-सहायता समूह को भोजनालय संचालन के लिए किराए पर दिए जाने के निर्णय के बाद स्थानीय स्तर पर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। आम नागरिकों, यात्रियों और बस संचालकों ने इस फैसले को लेकर नाराजगी जताते हुए सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय को यात्रियों की सुविधा के लिए ही सुरक्षित रखने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों और नियमित यात्रियों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय मूल रूप से बस का इंतजार करने वाले यात्रियों के बैठने और विश्राम के लिए बनाया गया है। यदि इसी स्थान पर भोजनालय का संचालन शुरू होता है तो यात्रियों के



बैठने के लिए उपलब्ध जगह कम हो जाएगी। साथ ही प्रतीक्षालय परिसर में स्थित शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपयोग में भी यात्रियों को परेशानी होने की आशंका है।

स्थानीय बस संचालक दिलीप देवांगन ने कहा कि यात्री प्रतीक्षालय के ठीक सामने ही बसों का ठहराव होता है। ऐसे में वहां भोजनालय शुरू होने से यात्रियों के बैठने की जगह प्रभावित होने के साथ ही बसों और यात्रियों की आवाजाही में भी परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कैंटीन के आसपास दोपहिया वाहनों और साइकिलों के अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहेगी। स्थानीय लोगों और बस संचालकों का कहना है कि नए बस स्टैंड तथा यात्री प्रतीक्षालय से जुड़ी व्यवस्थाओं का संचालन एवं प्रबंधन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किया जाता है। ऐसे में सार्वजनिक उपयोग की इस जगह के संबंध में निर्णय लेते समय यात्रियों की सुविधा और बस स्टैंड की यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि यात्री प्रतीक्षालय को यात्रियों के बैठने और विश्राम के लिए सुरक्षित रखा जाए।

खबर संक्षेप



राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता हुई

बालोद। जय बजरंग अखाड़ा बालोद द्वारा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर को सरदार पटेल मैदान बालोद में किया गया। इसमें राज्य स्तर के युवक व युवती रेशलर प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे, जहां प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

गांधी जयंती पर पुष्प वाटिका परिसर की हुई साफ-सफाई

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत डौंडी में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत नगर की पुष्प वाटिका परिसर में अधिकारी–कर्मचारियों एवं सफाई मित्रें द्वारा साफ–सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के दौरान पुष्प वाटिका परिसर में फैले कचरे, झाड़ियों एवं अनावश्यक गंदगी को हटाया गया। परिसर की सफाई कर उसे स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का कार्य किया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता कार्योंर् में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। नगर पंचायत द्वारा नागरिकों से घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई।

बीएसएनएल स्थापना दिवस समारोह का बायकाट

दुर्ग। अधिकारियों कर्मचारियों का संयुक्त मंच ने वेतनमान की मांग के आंदोलन को सख्त करने का निर्णय ले लिया है । विगत 25 वर्षों से 1 अक्टूबर को बीएसएनएल स्थापना दिवस के समारोह को उल्लास पूर्वक मनाकर सरकारी आयोजन को सफल बनाते रहे हैं ।

आयोजन : सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प

स्वच्छता के लिए श्रमदान महाभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सेवा मेरा योगदान तथा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर हृदय स्थल, प्रमुख खेल एवं सार्वजनिक स्थल, सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर के आस पास व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं श्रमदान महाभियान चलाया गया।

इस अभियान में प्रशासनिक प्रतिनिधियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं तथा उत्साही स्कूली छात्र–छात्राओं ने पूरे समर्पण के साथ भागीदारी की। सुबह से ही शुरू हुए इस महा–श्रमदान अभियान में युवाओं और छात्र–छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था। खेल पोषाक, फेस मास्क और हैंड ग्लव्स पहने युवाओं की टोली ने मैदान के किनारे, सड़क के समानांतर बनी नालियों और दीवार से सटी झाड़ियों में उतरकर सफाई की। नालियों में फंसे प्लास्टिक कचरे, खरपतवार और मलबे को हाथों–हाथ निकालकर सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित किया गया। अभियान में मातृशक्ति ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने हाथों में झाड़ू थामकर पूरे मैदान और प्रवेश द्वार के मार्ग को स्वच्छ बनाया।

मेरा युवा भारत और सेवा पखवाड़ा के बैनर तले उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सेवा मेरा योगदान के तहत भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, यज्ञदत शर्मा, चेमन देशमुख, राकेश यादव कृष्णकांत पवार, राकेश छोटू यादव, रवि पाण्डेय, राज सोनी, कोठवारे, शिव कुमार, सुखीत ठाकुर, लोक चंद्र पटेल, श्याम लाल निषाद, खूब लाल भट्ट,पवन सोनबरसा, टिनेश्वर बघेल, हरीश कटझरे प्रतिभा चौधरी, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, कमलेश सोनी, निशा योगी, शाहिद खान, लक्ष्मी चंद लुनिवाल, दिलीप गोलछा, दान मल जैन, नितेश वर्मा, विनोद जैन, कमल पनपालिया आदि उपस्थित थे।

चिखलाकसा में स्वच्छता अभियान





बालोद। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत चिखलाकसा में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं सुंदर नगर के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन के साथ हुई। इसके बाद वार्ड क्रमांक 07 स्थित शिव मंदिर तालाब में विशेष साफ–सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही अटल चैक एवं अटल परिसर में भी सफाई कार्य किया गया। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, पार्षद भीखी मसीया सहित नगर पंचायत के पार्षदगण एवं एल्डरमैन ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, सहायक ग्रेड–3 श्री संतलाल गहरवार, पीआईयू महेंद्र साहू, स्वच्छता प्रभारी सन्नी चैधरी, राजेंद्र साहू, योगेश दुबे, राकेश साहू सहित नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी एवं स्वच्छता दल भी अभियान में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों और स्वच्छता दल ने श्रमदान करते हुए सार्वजनिक स्थलों की साफ–सफाई की।

गांधी-शास्त्री जयंती पर दल्लीराजहरा में कांग्रेस का स्वच्छता अभियान



दल्लीराजहरा। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी के स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अर्जुन रथ परिसर में कांग्रेसजनों के एकत्र होने से हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद कांग्रेसजन नगर के वार्ड 20 स्थित गांधी चौक पहुंचे। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने देश की स्वतंत्रता, राष्ट्र निर्माण और समाज के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के माध्यम से देशवासियों को नई दिशा दी, वहीं शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श स्थापित किया। दोनों महापुरुषों के विचार और जीवन-मूल्य आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।उन्होंने कहा कि गांधी के स्वच्छता संदेश को केवल जयंती तक सीमित न रखकर उसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखना ही गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।


पैरी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण

बालोद। गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पैरी में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। सुबह प्रभात फेरी निकालकर शांति और सद्भाव का संदेश दिया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सर्वोदय मंडल छत्तीसगढ़ दीनदयाल चौधरी ने की। इसके अलावा कार्यक्रम में क्षेत्र के कई विशिष्ट अतिथि, संरक्षक, सरपंच और सर्वोदय मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनेश कुमार गजेंद्र और दिगंबर सोनबोईर ने किया। इस अवसर पर पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चन्द्राकर, उपाध्यक्ष, छ.ग. सर्वोदय मंडल एवं मूर्तिकार एवं प्रदाता विष्णु प्रसाद ताम्रकार, अलख राम साहू, हिर्री, भेख राम साहू, उत्तम साहू, चुनुराम साहू, डॉ. रुखमणी साव, ममता सेन, मधु देशमुख, गैंद सिंह साहू, भानुमती साहू, रमादेवी ठाकुर, कृष्णाकांता साहू, तुलसी देवी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जामगांव आर में गांधी जयंती मनाई गई



जामगांव आर। ग्राम पंचायत जामगांव आर में गांधी जयंती मनाई गई। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बाजार चौक में ग्रामसभा हुई, जिसमें उपस्थित सदस्यों के बीच सरपंच रूपेंद्र कुमार शुक्ला ने स्वच्छता, वीबी जी राम जी के कार्य योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम सभा में सचिव, रोजगार सहायक, उपसरपंच, पंचगण ग्रामीण अध्यक्ष, मितानिन, बिहान के महिलाएं एवं बड़ी मात्र में ग्रामीण उपस्थिति थे।

पेज 9 का शेष

सोना चोरी और फर्जी...

पोर्ट कराने के लिए आवेदन दिया था। इस दौरान एजेंटों ने उनका लाइव फोटो और बायोमेट्रिक अंगूठा लेकर उनके नाम पर धोखाधड़ी से अन्य सिम भी एक्टिवेट कर दिए। मामले में पुलिस ने धारा 420 भादवि और दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 42(3)(म) के तहत अपराध पंजीकृत किया। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी रोशन लाल देवांगन 29 वर्ष निवासी डिपरापारा, दुर्ग को गिरफ्तार किया। धोखाधड़ी का तरीका पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह वर्ष 2023 में एयरटेल और 2024 में वोडाफोन-आइडिया में एजेंट के रूप में काम कर रहा था। वह ग्राहकों से फिंगरप्रिंट और आधार कार्ड लेकर एक ही ग्राहक के नाम पर 4-4 सिम फर्जी तरीके से एक्टिवेट कर देता था। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल जब्त कर उसे भी न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

जोगिया तालाब परिसर में श्रमदान व पौधारोपण



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गांधी जयंती एवं पंडित लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत गुरूर क्षेत्र में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 05 स्थित जोगिया तालाब एवं आसपास के जलस्रोत क्षेत्र में साफ–सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, पार्षदगण अनुसूइया धुरव, चन्द्रलता साहू, कमलेश शोभित ओझा, मधु जगदल्ले एवं नारायण राम टेके सहित पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू ने सहभागिता की। इस अवसर पर जय दुर्गे मत्स्य उत्सव समिति, शिव शक्ति महिला स्व-सहायता समूह, जय मां दंतेश्वरी महिला स्व–सहायता समूह, श्री शिव कृपा महिला स्व–सहायता समूह एवं सरस्वती महिला स्व–सहायता समूह के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों तथा नगर पंचायत गुरूर के अधिकारी–कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया। सभी ने मिलकर तालाब एवं आसपास के क्षेत्र की साफ–सफाई की तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया। अभियान का उद्देश्य जलस्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के साथ नागरिकों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और जलस्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से नगरवासियों से भी अपने आसपास के क्षेत्रें को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ एवं हरित नगर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

श्रम विभाग की योजना से लाभान्वित हुए ओमप्रकाश

बालोद। विकासखंड के क्लस्टर स्तरीय शिविर ग्राम लिमोरा में अरौद के निवासी ओमप्रकाश की समस्याओं का मौके पर निराकरण कर उन्हें श्रम विभाग की महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित किया गया।



ग्राम अरौद निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वे लंबे समय से असंगठित कर्मकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। आज आयोजित सेवा सेतु शिविर में उन्होंने श्रम विभाग के स्टॉल पर जाकर अपना पंजीयन कराया, जहां विभागीय अमले द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का आधिकारिक परिचय पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन–प्रशासन के खुद द्वार पर आने से बिना किसी भागदौड़ के गांव के पास ही उन्हें यह कार्ड प्राप्त हो गया। हितग्राही ओमप्रकाश ने कहा कि यह परिचय पत्र मिलने से अब उन्हें और उनके परिवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सेवा सेतु शिविर की सराहना करते हुए कहा कि एक ही परिसर में सभी शासकीय विभागों के स्टॉल होने से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की न केवल जानकारी मिल रही है, बल्कि मौके पर ही लाभ लेने का सुगम अवसर भी मिल रहा है।

ग्राम भीमाटोला में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



डौंडीलोहारा। विकासखंड डौंडीलोहारा के वनांचल ग्राम भीमाटोला में एक अक्टूबर को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश गुप्ता भंवरमरा एवं ग्राम पंचायत की सरपंच गोमती नायक ने किया।

इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य डौंडीलोहारा हेमकुमार रावटे, मां भगवती फ्यूल्स रेंगाडबरी के बबलू साहू तथा ग्राम पंचायत भीमाटोला के पूर्व सरपंच ललित साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जागेश्वर भैंसारे, अंकुश कुंजाम, अतिश साहू, एवन भारद्वाज, जगदीश नायक, पंच खिलेन्द्र, मोखन सलामे सहित कबड्डी टीम के अध्यक्ष पवन चुरेंद्र एवं उनकी पूरी टीम तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की भावना विकसित होती है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता एक दिवसीय रात्रिकालीन आयोजन के रूप में आयोजित की जा रही है, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न कबड्डी टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

घर-घर देव स्थापना, संस्कार और साहित्य पहुंचाने का दिया गया संदेश

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में शांतिकुंज प्रतिनिधियों का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज प्रतिनिधि राष्ट्रीय संयोजक युवा प्रकोष्ठ केपी दुबे एवं प्रांतीय संयोजक युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ओमप्रकाश राठौर का आगमन गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में हुआ।

सर्व प्रथम दुबे ने माता भगवती देवी श्रीराम स्मृति उपवन का अवलोकन, निरक्षण कर मार्गदर्शन किया तत्पश्चात गायत्री माता का पूजा भगवान महाकाल का पूजा किया। इस अवसर पर हीरक मंडल मोहारा के सभी परिजन एवं गायत्री शक्तिपीठ गुरुर ब्लॉक समन्वयक धनसिंग गंजीर एवं जिला समन्वयक बीएस अठनागर की विशेष उपस्थिति रही। ओम प्रकाश राठौड़ जी के द्वारा बालोद जिला के सभी सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान के साथ प्रोत्साहित किया और कहा कि यहां के वरिष्ठ एवं युवा कार्य कर्ता एक साथ मिल कर गुरु कार्य को पूरी निष्ठा, सक्रियता से करते हैं इसीलिए बालोद जिला हर कार्य में अग्रणी रहते हैं।

2026 में मनेगा माताजी का शताब्दी वर्ष: केपी दुबे ने कहा की माता के जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप के 100 वर्ष एवं गुरुदेव के साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2026 को माता जी के शताब्दी वर्ष के रूप में हम सब मनाने जा रहे है, दुबे ने बताया कि माता जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम घर-घर गुरुदेव माताजी को पहुंचाएं घर-घर यज्ञ हो घर-घर देव स्थापना हो, घर-घर गुरुदेव के साहित्य को पहुंचाएं, ऐसा कोई घर ना बचे जहां गुरुदेव माताजी ना पहुंचे हो तभी माताजी का जन्म शताब्दी मनाना सार्थक होगा।

घर-घर में संस्कारों का बिजारोपण हो इसके लिए विशेष करके नारी शक्ति को आवाहन किया और कहा कि गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार के माध्यम से देवात्माओं का आगमन इस धरती पर हो, हर गांव में बाल संस्कारशाला के माध्यम से गुरुकुल परंपरा को जीवंत जागृत करते हुए बालक बालिकाओं को संस्कार वान बनाएं।

संस्कारवान समाज निर्माण के लिए नारी शक्ति का आह्वान

दुबे एवं राठौर का विदाई सम्मान हमारे वरिष्ठ परिजनों के द्वारा मंत्र चादर भेंट कर किया गया। इस कार्यक्रम में गुरुर ब्लॉक के सभी हीरक मंडल एवं जिला से पधारे हुए वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक चंपेश्वर साहू डॉ. गोपाल साहू डॉ. डीएल गंजीर, डॉ. हरि कृष्ण गंजीर, भूषण सार्वा, सुखित राम नायक, धनाराम साहू, शंकर साहू, डॉ. वेद प्रकाश साहू, वरुण साहू, दुष्यंत गंजीर, जावेद, दीपक साहू, सालिक साहू, प्रीतम साहू, यशवंत गंगबेर, डामन पटेल, रोहित साहू, दिलीप निर्मलकर, हेमराज साहू, नामदेव साहू, चोवा धनकर, बालाराम सोनवानी, केजू राम साहू, अनुसूईया साहू, रेणुका गंजीर, ऊषा गंजीर, सविता साहू, तोरण साहू, राजकुमारी गंजीर, श्लेखा साहू, हेमलता साहू, श्यामा साहू, कान्तिकमल साव, सोनिया साहू एवं सभी परिजनों कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति रही।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से बापू के सत्य, अहिंसा और सेवा के संदेश को स्मरण किया गया। डिप्टी कलेक्टर रामकुमार सोनकर एवं डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रो ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी जी के आदर्शों को अपने कार्य एवं दैनिक जीवन में अपनाने तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रामकुमार सोनकर एवं आशीष पेंद्रो, एसएलआर ऑफिसर भूपेन्द्र तांडेकर, मनोज बुरडे एवं रामकुमार साहू सहित कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी जी के स्वच्छता, सत्य, अहिंसा और सेवा के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने तथा स्वच्छ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

व्यायाम शिक्षक टीकाराम सम्मानित



बालोद/कलंगपुर। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में पदस्थ व्यायाम शिक्षक टीका राम साहू को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, विद्यार्थियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए तराशने तथा विद्यालय में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार, सहयोगियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर टीका राम साहू ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है और इससे उन्हें विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। प्राचार्य एम टण्डन, व्याख्याता डीके साहू, वायके साहू, संजय सिंघारे, आरएन साहू, एचके साहू, उमेश साहू, कुर्रे, विजय साहू, एम ढाबे, मधु धुरव, तोषमिता मिश्रा, सोनाली बिस्वास, सकुन साहू, जानकी साहू, सोहदरा ठाकुर और कार्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।

बारिश से गुंडरदेही-धमतरी मार्ग गड्ढे में तब्दील



बालोद/कलंगपुर। पूर्व में लगातार हुई बारिश के कारण गुण्डरदेही, धमतरी मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर बड़े–बड़े गड्ढे बन गये हैं, जिन पर संबंधित विभाग अब तक उन गड्ढों से अनभिज्ञ है। मार्ग पर गड्ढे इतने बड़े–बड़े बन गये हैं जिससे कभी भी बाइक सवार हादसे का शिकार हो सकता है। राहगिरों ने बताया कि दिन में जैसे तैसे वे इन गड्ढों से बचते बचाते वाहन का चालन कर लेते हैं, लेकिन रात में इस मार्ग से वाहन चलाने में उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जहां रात में ये बड़े गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ता है। देर रात दोपहिया वाहन चालक जब उक्त मार्ग पर चलते है तो अचानक से वाहन का पहिया गड्ढे में चले जाने से वाहन फिसलने का डर बना रहता है तथा कई बार वाहन चालक वाहन से गिरते गिरते बचे हैं।

आयोजन : ग्रामीणों को एक ही मंच पर मिली शासकीय सेवाओं की सुविधाएं

सेवा सेतु शिविर में 52 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 25 ग्राम पंचायतों के कलस्टर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से प्राप्त 52 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु अभियान के तहत 25 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर के लिए ग्राम पंचायत भवन कमरौद में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन एवं समस्याएं प्राप्त की गईं तथा प्राप्त आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। शिविर में कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर अंतरर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस भी मनाया गया। वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उन्हें श्रीफल एवं साल भेंट किया गया। कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, पट्टा, आवास पूर्णता प्रमाण पत्र तथा विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, जनपद पंचायत सदस्य किरण तारम, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू एवं कमरौद सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इसके साथ ही 25 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत कमरौद, कोंगनी, सनौद, खुटेरी, रंगकुर्दी, रेंगाकठेरा, भाटगांव, कोडेवा, संकरी, बासीन, नवागांव, डु, मोंगरी एवं पिरीद सहित संबंधित ग्रामों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

स्वच्छता अभियान, सभी वार्डों में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



अण्डा। सेवा संकल्प अभियान के तहत "सेवा सेतु अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर" कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परसदा में किया गया। अभियान के अंतर्गत गांव के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा गांव की जागरूक महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और साफ-सफाई को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत परसदा सरपंच सत्यवती साहू ने कहा कि स्वच्छ गांव के लिए प्रत्येक ग्रामीण की भागीदारी जरूरी है। पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान के साथ लोगों को भी अपने घर, गली और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए जागरूक होना चाहिए। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता समिति के सदस्यों एवं जागरूक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

सिरसिदा में सार्वजनिक स्थलों की हुई साफ-सफाई



अण्डा। ग्राम पंचायत सिरसिदा में विभिन्न सार्वजनिक एवं शैक्षणिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन, हनुमान मंदिर, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई की गई। अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता दीदी, रोजगार सहायिका, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ग्रामीणजनों ने सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर अलग-अलग स्थानों पर सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिरसिदा की सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर, उप सरपंच दामिनी चंद्राकर, समस्त पंचगण, स्वच्छता दीदी, रोजगार सहायिका, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अभियान के दौरान लोगों ने गांव के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में निरंतर सहयोग करने का संदेश दिया।

सिगनवाही में लगा सेवा सेतु अभियान शिविर

डोंडी। आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत सिगनवाही में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष भोला राम नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मंडले सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके गांव के नजदीक उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनों का निराकरण करना रहा। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए और संबंधित विभागों के अधिकारियों- कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की।



ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें।

जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए गांव की आवश्यकताओं और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं को उचित माध्यम से सामने रखने की अपील की।

जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम ने भी ग्रामीणों से चर्चा कर शिविर के उद्देश्य को रेखांकित किया। वहीं जनपद पंचायत सीईओ डी.डी. मंडले सहित विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को संबंधित सेवाओं एवं योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई।

दशहरा तालाब परिसर में पौधारोपण हुआ



बालोद। शुक्रवार 2 अक्टूबर को सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत दशहरा तालाब परिसर, बालोद में स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पार्षद पुष्पा साहू एवं कांती साहू, संयुक्त वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, विभागीय स्टाफ एवं स्वच्छता कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर दशहरा तालाब परिसर की साफ–सफाई की तथा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण करने एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

मरकाम टोला में चला स्वच्छता अभियान



डौंडीलोहारा। स्वच्छ एवं सुंदर गांव के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम मरकामटोला में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूल परिसर, पारा-मोहल्लों, गलियों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम की उपस्थिति रही। उन्होंने स्वयं सफाई अभियान में सहभागिता की और ग्रामीणों को अपने आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है और गांव की स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान न होकर सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभियान के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। स्कूल परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों की सफाई के साथ लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और आसपास गंदगी नहीं फैलाने के लिए भी प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने स्वच्छता को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ गांव के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों के बीच स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने भरत, 96 मतों से दर्ज की जीत



डौंडीलोहारा। देवरीबंगला, मार्री, पसौद एवं खैरा क्षेत्र के व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भरत देवांगन ने 96 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। चुनाव में कुल 127 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवकुमार धरमगुड़े को 22 तथा शुभम देवांगन को 9 मत मिले। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद आयोजित सभा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष भरत देवांगन ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी संघ को एकजुटता के साथ आगे बढ़ाते हुए व्यापारी हितों के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं और जनसरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कराने में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सोहन देशमुख एवं देवरी थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतगणना की गई और परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील गोलछा ने किया। चुनाव आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के व्यापारियों का सराहनीय योगदान रहा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भरत देवांगन ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए व्यापारी संघ को सक्रिय एवं संगठित रूप से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी छ.ग.

// समंस //

प्रो.क्र. 371/2026
पेशी दिनांक 09.10.2026

श्रीमति करूणा बांधी वगैरह ..... वादिनीगण

बनाम

बंशीलाल लहरे वगैरह ..... प्रतिवादीगण

प्रति,

सूचित किया जाता है कि वादिनीगण के द्वारा इस न्यायालय में एक दीवानी वाद प्रतिवादीगण बंशीलाल लहरे वगैरह के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में दिनांक 09.10.2026 दिन शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे सुनवाई हेतु नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रतिवादी क्र. 6 गुजरात लहरे पिता स्व. विश्राम लहरे निवासी ग्राम मटिया तह. गुण्डरदेही जिला बालोद पेशी दिनांक 09.10.2026 दिन शुक्रवार को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

यदि आप पेशी दिनांक 09.10.2026 दिन शुक्रवार को न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित की जावेगी। यदि उक्त दिनांक को न्यायालयीन अवकाश होगा तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन कार्यदिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 18.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया।

श्रीमती तनुश्री गवेल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी धमतरी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

मुहर

भागवत कथा में धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम लोन्डी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को धर्म–पृथ्वी संवाद, कलियुग का दंड तथा राजा परीक्षित को श्राप सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन सुनाया गया। संत निरंजन महाराज ने धर्म–पृथ्वी संवाद के माध्यम से धर्म और अधर्म के बीच के अंतर को समझाया। इसके बाद कथा में कलियुग के प्रभाव और उसके दंड का वर्णन किया गया। राजा परीक्षित को श्राप मिलने के प्रसंग को भी विस्तार से प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व और भगवान की भक्ति के माध्यम से जीवन में सदाचार अपनाने का संदेश दिया गया। संगीतमय कथा और भजनों से कथा स्थल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। ग्राम लोन्डी में चल रहे इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। आयोजनकर्ता साहू परिवार ने क्षेत्रवासियों से आगामी दिनों में होने वाली कथा में भी सपरिवार शामिल होने की अपील की है। श्रीमद्भागवत कथा 9 अक्टूबर तक चलेगी। आगामी कथा में सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, वराह अवतार, सती चरित्र एवं शिव विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।



खबर संक्षेप

धनोरा बाबा दरबार में कुंवार नवरात्रि की तैयारी

अंडा। बाबा दरबार धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू हो गयी है।



दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे कलश स्थापना पं. विनय शर्मा द्वारा, 15 को पंचमी सिंगार, 18 को शाम 4 बजे से दुर्गा अष्टमी हवन एवं 19 को शाम 4 बजे से विसर्जन शोभायात्रा एवं हर रोज शाम 8 बजे माता रानी की आरती की जायेगी। गुलाब साहू हेमंत साहू मंडली द्वारा माता सेवा जिस किसी भी प्रस्तुत किया जायेगा। दरबार में ज्योति जलवाना है तो गुलाब किराना स्टोर धनोरा में संपर्क कर अपना स्थान सुरक्षित करवा सकतें है। ज्योति शुल्क 751 रुपए रखा गया है।

इतिहास में बेहतर परिणाम के लिए समझ और अभ्यास जरूरी

डौंडीलोहारा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की



नवीनतम परीक्षा रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए कक्षा 12वीं इतिहास विषय में विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए इतिहास विषय विशेषज्ञ शिवेन्द्र बहादुर, व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण परीक्षा-उपयोगी सुझाव दिए हैं। शिवेन्द्र बहादुर ने कहा कि इतिहास को केवल तथ्यों और तिथियों को रटकर पढ़ने के बजाय घटनाओं के क्रम, कारण, परिणाम एवं ऐतिहासिक संदर्भों को समझकर अध्ययन करना चाहिए। प्रत्येक अध्याय के महत्वपूर्ण बिंदुओं की नियमित पुनरावृत्ति के साथ उत्तर-लेखन का अभ्यास भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न की मांग के अनुरूप स्पष्ट, तथ्यपूर्ण एवं क्रमबद्ध उत्तर लिखें। दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में आवश्यक तथ्यों के साथ प्रभावी भूमिका एवं निष्कर्ष का ध्यान रखें। साथ ही मानचित्र कार्य का नियमित अभ्यास करें।

बजरंग नगर रेंगाडबरी में कल होगी डांस स्पर्धा

डौंडीलोहारा। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के बजरंग नगर में आयोजित होने वाली रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता की तिथि बारिश के कारण बदल दी गई है। अब यह प्रतियोगिता 4 अक्टूबर को बजरंग नगर में आयोजित की जाएगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और डांस प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बजरंग गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष नेमन साहू ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन पहले 25 सितंबर को किया जाना था, लेकिन क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। अब समिति द्वारा नई तिथि निर्धारित करते हुए 4 अक्टूबर को प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति ने डांस प्रेमियों एवं प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने और आयोजन का आनंद उठाने की अपील की है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

आयोजन

कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

महान विभूतियों के आदर्शों को अपनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मजयंती मनाया गया। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने संकल्प लिया।

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतन्त्रता की दिशा में नेतृत्व दिया और देश को आजाद कराने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी और दृढ़ नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया दोनों महान नेताओं के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायक है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी देश के आदर्शवादी नेता हैं जिन्होंने कभी भी देश हित मेंअपने सिद्धांतों से समझौता किया उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना और उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली सुमीत राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुर्गू राम सिन्हा, धनुष साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र यादव, सरपंच भगवान दास मंचूरिया, केशू राम साहू, देवेंद्र शांडिल्य, मोहम्मद खान, लाल खान, विधायक प्रतिनिधि तुलेश सिन्हा, रूप साहू, हिमांशु लावत्रे, सोमनाथ साहू, कमल साहू, छगन साहू, झुमुक साहू, नोमेश दुग्गा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

छात्रों ने झाड़ू से सफाई कर दिया स्वच्छता संदेश





गुरूर। ग्राम खुंदनी स्थित संत कबीर ज्ञान मंदिर एवं सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने हाथों में झाड़ू लेकर श्रीराम जानकी मंदिर परिसर, मां सरस्वती देवी मंदिर और भगवान भोलेनाथ मंदिर परिसर, खुंदनी में साफ–सफाई की, बच्चों ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, हम सबने ठाना है स्वच्छ ग्राम बनाना है, का नारा लगाया। शिक्षिका द्रौपदी साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्रों को गांधीजी के स्वच्छता के विचारों और सत्य–अहिंसा के मार्ग के बारे में बताया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र–छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

स्टील पावर प्लांट में हुआ पौधारोपण



दल्लीराजहरा। गांधी की जयंती पर पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के उद्देश्य से कोड़ेकसा स्थित जगन्नाथ स्टील पावर प्लांट लिमिटेड द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर लगभग 500 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, हरियाली के विस्तार और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया गया। जगन्नाथ स्टील पावर प्लांट लिमिटेड, कोड़ेकसा की ओर से आयोजित इस अभियान में लगभग 500 पौधे लगाए गए। पौधरोपण के माध्यम से क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने की दिशा में पहल की गई। आज के दौर में बढ़ते औद्योगिकीकरण, प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सामूहिक सहभागिता से किया गया पौधरोपण पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनता है।

पेड़-पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। ये वातावरण को स्वच्छ रखने, जीव-जंतुओं को आश्रय देने, मिट्टी के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम अग्रवाल, सीओ सहित बी. शामल, सी.आर. मलिक, निलधारी यादव, गजेंद्र प्रसाद कोरेटी, हेतराम टेकाम, सालिकराम टेकाम, तामेश्वर टेकाम, आदित्य पाठक, अनूप कुमार और सुजीत नायक सहित अन्य लोग

गांधी जयंती पर डोंडी में चला स्वच्छता अभियान



डोंडी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को डोंडी नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ एवं सुंदर नगर का संदेश दिया गया।

■ भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक के नेतृत्व में हुई सफाई

अभियान का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक के नेतृत्व में किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

स्वच्छता अभियान के दौरान नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई। अभियान में शामिल लोगों ने हाथों में झाड़ू लेकर सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ एवं व्यवस्थित समाज के लिए महत्वपूर्ण माना था। गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाना उनके विचारों को याद करने के साथ-साथ उन्हें व्यवहार में उतारने का प्रयास है। वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ नगर बनाने की जिम्मेदारी केवल शासन-प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है।

नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गांधी जयंती पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ डोंडी, सुंदर डोंडी और स्वस्थ डोंडी का संदेश दिया गया।

14वीं बटालियन धनोरा में चला स्वच्छता अभियान

जवानों ने लिया श्रमदान का संकल्प



गुरूर। सेनानी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को 14 वीं बटालियन धनोरा में स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का आयोजन 14 वी बटालियन धनोरा में अभियान की शुरुआत किया गया इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी, कर्मचारियों ने कार्यालय, वाहिनी परिसर, परेड ग्राउण्ड एवं आसपास की साफ सफाई कर लोगों को संदेश दिया। सेनानी मोनिका ठाकुर ने कहा कि गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत हमारे बटालियन परिसर में चलाया जा रहा है, महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत और सामाजिक स्वच्छता पर सबसे अधिक जोर दिया था और कहा था कि स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाये और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने जवानों को शपथ दिलाई गयी और स्वच्छता अभियान में अपने दैनिक जीवन मे अपनाने अपील की। बटालियन परिसर में श्रमदान साफ सफाई कर सभी अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया इस अवसर पर एड्यूटेन्ट किशोरी लाल वर्मा, सहायक सेनानी राकेश सलाम, सूबेदार बीरेंद्र रावत, क्वार्टर मास्टर बैधनाथ बंजारे, परिवहन अधिकारी अरविंद सिंह जादौन, स्टेनो ऐश्वर्य वर्मा, मुख्य लिपिक मिथलेश मंडावी, पीसीआई केवलेन्द्र कुमार, विनय पैकरा, एपीसी यादराम साहू, विनोद सिंह एवं बटालियन के जवानों की भागीदारी रही।



ठेकवाडीह में विशेष ग्राम सभा में विकास योजनाओं पर चर्चा





गुरूर। गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत ठेकवाडीह जनपद पंचायत गुरुर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में विकासित ग्राम पंचायत प्लान से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा ग्राम विकास की प्राथमिकताओं को लेकर ग्रामीणों से सुझाव एवं विचार प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद सुनील चन्द्रवंशी, सीएनओ जल मंत्रलय, भारत सरकार दीपक कश्यप, वीबी जीरामजरी के सहायक परियोजना अधिकारी ओपी साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरुर पीएल. ध्रुव तथा कार्यक्रम अधिकारी वीबी जीरामजी गुरुर योगेश देवांगन सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। विशेष ग्राम सभा में सरपंच, सचिव, पंचगण, वरिष्ठ नागरिकों, महिला समूहों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने सहभागिता की। इस दौरान ग्राम पंचायत के समग्र विकास, आवश्यक कार्यों की प्राथमिकता तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजना तैयार करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चन्द्रवंशी द्वारा नवीन पंचायत भवन परिसर के समीप पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी पर्यावरण संरक्षण और हरित पंचायत के संकल्प के साथ पौधारोपण में सहभागिता की। इस अवसर पर चन्द्रवंशी ने पंचायत परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों को हरित एवं स्वच्छ बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। विशेष ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम विकास में जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण तथा पंचायत स्तर पर समग्र एवं सहभागी योजना निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनी

जामगांव आर। ग्राम पंचायत भवन अकतई, चारभाठा, रीवागहन में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जहां ग्राम पंचायत अकतई के आश्रित ग्राम चारभाठा, रीवागहन संयुक्त रूप से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सुपरवाइजर उर्वशी देसलहरे, मितानिन खेमबाई साहू, कार्यकता द्रौपदी ग्रीतलहरे, एवं रिवागहन शारदा ऊईके, जमुना शुक्ला, चंद्रिका मार्कण्डेय, सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद एवं पंच पीताम्बर मार्कण्डेय एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

डीईओ ने किया बालक हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



बालक उच्च माध्य विद्यालय डौंडीलोहारा का जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, बोर्ड कक्षाओं की तैयारी, परीक्षा परिणाम उन्नयन की कार्ययोजना तथा विद्यालय में उपलब्ध बुनियादी एवं आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के दैनिक लेशन प्लान का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को विषय की मूल अवधारणाओं को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने पर जोर दिया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषय शिक्षकों से चर्चा कर आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित रूप से उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के साथ बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बोर्ड कक्षाओं में विद्यार्थियों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त शिक्षण, अभ्यास एवं विषयवार मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए प्रभावी विषयवार कार्ययोजना तैयार कर उसके अनुरूप निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल), आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन आधुनिक संसाधनों का नियमित और अधिकतम उपयोग करते हुए विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक सोच तथा तकनीकी कौशल विकसित किया जाए।

इस अवसर पर एपीसी राजेश्वर राव कृदत्त, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम, व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा, डुप्ले साहू, छायानंदा, सहायक शिक्षक सूर्योदय मानिकपुरी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

